उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या: 84/2020/1966/ छप्पन-2020-49/2010
लखनऊ, दिनांक: 03 दिसम्बर, 2020

कार्यालय-ज्ञाप

नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 के अधीन एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0 लखनऊ में कार्यालय ज्ञाप संख्या-1537/छप्पन-10-26/08 टी0सी दिनांक 03 दिसम्बर, 2010 द्वारा डा0 जी0एम0 रहनुमा को प्रमुख व्याख्याता के पद पर नियत मासिक पारिश्रमिक रूपये 64,000/-(रूपए चौंसठ हजार मात्र) पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 01 वर्ष की अवधि के लिए संविदा पर नियुक्त किया गया था। डा0 जी0एम0 रहनुमा द्वारा दिनांक 10 दिसम्बर, 2010 के पूर्वाह्न में कार्यभार ग्रहण किया गया था। तदनन्तर निदेशक, एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0 लखनऊ की संस्तुति को दृष्टिगत रखते हुए वर्षानुवर्ष डा0 जी0एम0 रहनुमा की संविदा अवधि पूर्व में प्राप्त हो रहे नियत पारिश्रमिक पर बढ़ायी जाती रही है। डा0 जी0एम0 रहनुमा की संविदा अवधि अन्तिम बार कार्यालय ज्ञाप संख्या:106/2019/2135/छप्पन-2019-49/2010 दिनांक 14 नवम्बर, 2019 द्वारा दिनांक 10 दिसम्बर, 2019 से आगामी 01 वर्ष (अर्थात् दिनांक 09 दिसम्बर, 2020 तक) के लिए बढ़ायी गई थी।

2- निदेशक, एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0 लखनऊ के प्रस्ताव दिनांक 19 अक्टूबर, 2020 पर सम्यक विचारोपरान्त वर्तमान में प्रमुख प्रवक्ता के पद पर कार्यरत डा0 जी0एम0 रहनुमा की संविदा अवधि दिनांक 10 दिसम्बर, 2020 से आगामी 01 वर्ष (अर्थात् 09 दिसम्बर, 2021 तक) के लिए वर्तमान में अनुमन्य नियत मासिक पारिश्रमिक रू0 1,46,763.00/- (रूपए एक लाख छियालीस हजार सात सौ तिरेसठ मात्र) एवं अनुमन्य पारिश्रमिक वृद्धि (यथा समय) पर बढ़ाए जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3- डा0 जी0एम0 रहनुमा की संविदा सेवा के सम्बन्ध में अन्य नियम व शर्तें पूर्ववत जारी रहेंगी।

4- डा0 जी0एम0 रहनुमा से संविदा पर नियुक्ति के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर पुन: अनुबन्ध पत्र निष्पादित कराकर निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा एक सप्ताह में शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

डॉ सत्य प्रकाश तिवारी
उप सचिव।

डा0 जी0एम0 रहनुमा,
प्रमुख प्रवक्ता,
एयरोनाटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट,
उ0प्र0, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ ।

2/...

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

पृ0सं0-84/2020/1966 (1)/छप्पन-2020-49/2010 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वे डा0 जी0एम0 रहनुमा, प्रमुख प्रवक्ता से निर्धारित प्रपत्र पर पुन: अनुबन्ध पत्र निष्पादित कराकर शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।
2. महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0 प्रयागराज।
3. कोषधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
5. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7 ।
6. गार्ड फाइल

आज्ञा से,
डॉ सत्य प्रकाश तिवारी
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।